Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

<u>हिंदी-दिवस रिपोर्ट</u>

<u>सादर अभिनंदन</u>

हिंदी-दिवस के उपलक्ष्य पर नौएडा के शीर्ष सी बी एस ई स्कूल, बाल भारती पब्लिक स्कूल, नौएडा में दिनांक 12 सितंबर, 2024 को 'विश्व-पटल पर हिंदी-भाषा - एक संबोधन' विषय पर माध्यमिक तथा सेकेंडरी (VIII & IX) कक्षाओं के लिए एक व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम हेतु माननीय वक्ता के रूप में उपस्थित थे- जाने-माने लेखक एवं मोतीलाल नेहरू कॉलेज के पूर्व प्राचार्य, डॉ.सुरेशचंद्र शर्मा। उप-प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती अनुपमा मोटवानी ने पुष्प-गुच्छ भेंट करके महोदय का अभिनंदन किया।

माननीय महोदय ने हिंदी भाषा के आविर्भाव से लेकर वर्तमान में हिंदी भाषा के रूप-स्वरूप से छात्रों का परिचय करवाते हुए जन-मानस में प्रचलित हिंदी-भाषा का महत्त्व छात्रों को समझाया। इसके अंतर्गत दृश्य-श्रव्य संचार के माध्यमों, रेडियो और टेलीविजन पर प्रचलित विज्ञापनों, फिल्मों एवं धारावाहिकों की कथा-पटकथा, संवाद-लेखन, अनुवाद, सरकारी नौकरियों के साथ-साथ विदेशों तथा विभिन्न दूतावासों में हिंदी भाषा के क्षेत्र में उपलब्ध सुनहरे अवसरों से परिचित करवाकर उनका उत्साह बढ़ाया।

<u>सुनहरे अवसर</u>



<u>अनमोल मार्गदर्शन</u>

छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी-सत्र भी बहुत ज्ञानवर्धक रहा। मान्यवर ने उनके प्रश्नों के उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का उचित मार्गदर्शन किया। इस संदर्भ में हमारे जाने-माने स्कूल - बाल भारती पब्लिक स्कूल, नौएडा कक्षा **<u>नवीं 'अ' की छात्रा क्षीरजा प्रसाद</u>** के मुख से:-

"मान्यवर महोदय ने मेरे मन की जिज्ञासा को सही दिशा प्रदान करते हुए समझाया कि वर्तमान में हिंदी-भाषा का कठिन रूप नहीं बल्कि सरलतम रूप अपनाते हुए, आम बोलचाल की भाषा का प्रयोग सर्वथा मान्य है। इसलिए खूब खुलकर सरल शब्दों का प्रयोग कीजिए और इसे बोलने में कोई शर्म मत कीजिए।

व्याख्यान के अंत में मुख्याध्यापिका (वरिष्ठ-वर्ग) श्रीमती अमिता गंजू ने डॉ.सुरेशचंद्र शर्मा जी का आभार प्रकट करते हुए छात्रों को हिंदी-भाषा की महत्ता को आत्मसात करने हेतु प्रोत्साहित किया।

<u>सतत प्रेरणा</u>

<u>खूब आगे बढ़ो</u>

<u>कार्यक्रम का लिंक</u>

https://drive.google.com/drive/folders/1VWvKCwS5BEjwp3y5GuvG7ZiRWJA74K9e?usp=sharing_eil_se_dm&ts=66e27768

प्रतिवेदन प्रस्तुति -

कोमल मैंदीरत्ता